**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 10**
**सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## एयर इंडिया में सुरक्षा ऑडिट

**10. श्री देरेक ओब्राईन:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 से एयर इंडिया में कितने सुरक्षा ऑडिट किए गए हैं, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन ऑडिट में पहचानी गई मुख्य खामियां क्या हैं और प्रत्येक मामले में इन खामियों को दूर करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है, मामला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सुरक्षा ऑडिट के बाद गैर-अनुपालन के लिए कोई शास्ति लगाई गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विनिवेश के समय एयर इंडिया सभी सुरक्षा नियमों का पूरी तरह से अनुपालन कर रही थी, यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या वर्ष 2020 से भंडा फोड़ कर्ताओं द्वारा एयर इंडिया में सुरक्षा संबंधी चिंताएं व्यक्त की गई हैं, यदि, हां तो, उठाए गए मुद्दों पर क्या कार्रवाई की गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग): पिछले 05 वर्षों के दौरान, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा मैसर्स एअर इंडिया की कुल 03 सुरक्षा संपरीक्षाएं की गई हैं। ये संपरीक्षाएं सितंबर 2020, मार्च 2023 और मार्च 2025 में की गई थीं।

इन 03 सुरक्षा संपरीक्षाओं के दौरान कोई बड़ी चूक नहीं पाई गई। हालाँकि, इन संपरीक्षाओं के दौरान पाए गए निष्कर्षों पर प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई के लिए, मैसर्स एअर इंडिया के साथ अनुवर्तन कार्रवाई की गई।

इन संपरीक्षाओं के दौरान पाए गए निष्कर्षों के आधार पर, मैसर्स एअर इंडिया पर कोई प्रवर्तन कार्रवाई नहीं की गई।

(घ): नागर विमानन महानिदेशालय ने एयरलाइनों/प्रचालकों को प्रमाणन/अनुमोदन के लिए हितधारकों के परामर्श से समय-समय पर नागर विमानन अपेक्षाएं (सीएआर) निर्धारित की

हैं। विनिवेश के समय, मैसर्स एअर इंडिया मौजूदा नागर विमानन महानिदेशालय विनियमों का पूर्णत: अनुपालन कर रही थी।

(ङ): वर्ष 2020-2025 की अवधि के दौरान, मैसर्स एअर इंडिया के विरुद्ध कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुईं हैं जिनके संबंध में नागर विमानन महानिदेशालय ने वित्तीय दंड सहित प्रवर्तन कार्रवाई की। विवरण इस प्रकार हैं:

| | |
|---|---|
| वित्तीय दंड | 30 लाख |
| लाइसेंस निलंबन | 03 |
| पदधारक (पोस्ट होल्डर) अनुमोदन निलंबन | 01 |
| चेतावनी | 05 |

******